# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), *E-mail ID- academicprsu2@gmail.com*


क्रमांक : 474/अका./2021 रायपुर, दिनांक :25.11.2021

## ।। अधिसूचना ।।

विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 07.10.2021 में अध्यक्ष की अनुमति से विषय सूची क्रमांक–2 में **"सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2021 के लिए परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति"** से संबंधित विनियम की अनुशंसा का अनुमोदन कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 12.10.2021 की पूरक विषय–सूची क्रमांक–01 में अनुमोदित किया गया है, जो निम्नांकित है –

## Regulation No.-182 B

### सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2021 के लिए परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति

**(Under the provisions of Ordinance 5)**
**(E.C. under 12-10-2021)**

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 17–1/2021/38–2, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 21.04.2021 के परिपालन एवं विश्वविद्यालय Regulation No.-182 A के परिपालन एवं शिक्षा की गुणवत्ता तथा प्रतिस्पर्धा को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा सत्र 2020–21 के सेमेस्टर परीक्षा के आयोजन एवं परीक्षा परिणाम हेतु निम्नानुसार प्रावधान लागू किया जाता है–

(1) परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी।

(2) सेमेस्टर पद्धति की कक्षाओं के लिए परीक्षा का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा–

2.1 निर्धारित परीक्षा दिवस में विधार्थियों को प्रश्न पत्र Online (E-mail) आदि के माध्यम से भेजा जाएगा।

2.2 परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर घर पर ही लिख कर भेजेंगे। उत्तर लिखने की समय–सीमा एवं उत्तर भेजने की अंतिम तिथि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(3) सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षाफल निम्नलिखित रीति से तैयार किया जाएगा –

3.1 प्रश्नपत्रवार अंक की गणना गत वर्ष के कुल प्राप्तांक के औसत का 50 प्रतिशत भार (Weightage) तथा वर्तमान परीक्षा (Exam from Home) के प्रश्न–पत्र के प्राप्तांक का 50 प्रतिशत भार (Weightage) देकर अंक गणना की जाएगी।

3.2 स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट सेमेस्टर परीक्षा के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा (Exam from Home) के प्रश्नपत्रवार प्राप्तांक के आधार पर अंक गणना की जाएगी।

Annexure - A (सेमेस्टर परीक्षा हेतु)

| क्र. | कक्षा | पद्धति | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| 1 | तृतीय सेमेस्टर (किसी प्रश्न–पत्र/ विषय का अंक) | संबंधित प्रश्न–पत्र के पूर्णांक का **50 प्रतिशत** Weightage – प्रथम, द्वितीय सेमेस्टर के कुल प्राप्तांक का औसत<br>तथा<br>**50 प्रतिशत** Weightage – उस विषय/प्रश्न–पत्र का वर्तमान प्राप्तांक | यदि प्रश्न–पत्र का पूर्णांक 80 है तो **40 अंक** – प्रथम+द्वितीय सेमेस्टर के प्राप्तांक का औसत 300/500+400 /500=700/1000= 70 प्रतिशत Weightage अंक = 28 अंक<br>तथा<br>**40 अंक** – परीक्षा के प्राप्तांक 65/80 = 81.25 प्रतिशत का 50 Weightage अंक 32.5 = 33 इस प्रकार सैद्धांतिक प्रश्न–पत्र के अंक 28+33 = 61/80 |

Annexure - B (सेमेस्टर परीक्षा हेतु)

| क्र. | कक्षा | पद्धति | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| 1 | द्वितीय सेमेस्टर (किसी प्रश्न–पत्र/ विषय का अंक) | संबंधित प्रश्न–पत्र के पूर्णांक का **50 प्रतिशत** Weightage – प्रथम सेमेस्टर के कुल प्राप्तांक का औसत<br>तथा<br>**50 प्रतिशत** Weightage – उस विषय/प्रश्न–पत्र का वर्तमान प्राप्तांक | यदि प्रश्न–पत्र का पूर्णांक 80 है तो **40 अंक** – प्रथम सेमेस्टर के प्राप्तांक का औसत 300/500 =60 प्रतिशत Weightage अंक = 24 अंक<br>तथा<br>**40 अंक** – परीक्षा के प्राप्तांक 65/80 = 81.25 प्रतिशत का 50 Weightage अंक 32.5 = 33 इस प्रकार सैद्धांतिक प्रश्न–पत्र के अंक 24+33 = 57/80 |

Annexure - C (सेमेस्टर परीक्षा हेतु)

| क्र. | कक्षा | पद्धति | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ सेमेस्टर (किसी प्रश्न–पत्र/ विषय का अंक) | संबंधित प्रश्न–पत्र के पूर्णांक का **50 प्रतिशत** Weightage – प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के कुल प्राप्तांक का औसत<br>तथा<br>**50 प्रतिशत** Weightage – वर्तमान प्रश्न–पत्र के प्राप्तांक | यदि प्रश्न–पत्र का पूर्णांक 50 है तो **25 अंक** – प्रथम+द्वितीय+तृतीय सेमेस्टर के प्राप्तांक का औसत 300/500+310/500+325/500= 935/1500 = 62.33 प्रतिशत का Weightage अंक = 15.58 (16 अंक)<br>तथा<br>**25 अंक – परीक्षा के प्राप्तांक 42/50 = 84 प्रतिशत का Weightage अंक– 21 इस प्रकार कुल 16+21 = 37/50 अंक प्राप्त होंगे।** |

(4) उक्त रीति से घोषित परीक्ष परिणाम में पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना की पात्रता नहीं होगी।

(5) उपर्युक्त व्यवस्था केवल सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2021 के लिए प्रभावशील होगा।

आदेशानुसार,

23.11.21

कुलसचिव

पृ. क्रमांक :4757/अका./2021 रायपुर, दिनांक :25.11.2021

**प्रतिलिपि :**

1. माननीय राज्यपाल महोदय के सचिव, छत्तीसगढ़ राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी.–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर।
4. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
6. समस्त विभाग प्रमुख, विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन,
7. उ.कु.स. परीक्षा/उ.कु.स. गोपनीय/विकास/उ.कु.स. सामान्य प्रशासन/वित्त नियंत्रक,
8. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)